## न्यूज डायरी



### सीरिया पर इजरायल के मिसाइल हमले में तीन लोगों की मौत का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरुत। युद्ध निगरानीकर्ता ने सोमवार को कहा कि सीरिया में बीती रात हुए हवाई हमलों में सरकार समर्थक कम के कम तीन विदेशी लड़ाकों की मौत हो गई। देश के युद्धग्रस्त दक्षिणी इलाके में इन हमलों के लिए इजराइल को जिम्मेदार बताया जा रहा है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि रविवार रात सीरियाई सरकार और दमिश्क के दक्षिण में ईरानी ठिकानों पर हमले हुए। संस्था ने कहा कि अकराबा और निकटवर्ती सायैदा जैनब के बीच हुए रॉकेट हमले में तीन गैर–सीरियाई लड़ाके मारे गए। संस्था की तरफ से मारे गए लड़ाकों को नागरिकता का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन कहा गया कि वे शायद ईरानी थे। सीरियाई सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि यह हमला आधी रात के ठीक पहले हुआ। उसने कहा कि सीरियाई वायु प्रतिरक्षा ने कब्जा किए गए क्षेत्र से आने वाली दुश्मन मिसाइलों को निशाना बनाया।

### आध्यात्मिक गुरु बाबा रामदास का 88 साल की उम्र में निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बॉस्टन। बाबा रामदास 1960 के दशक में टिमोथी लेअरी के साथ चर्चित हुए थे। हार्वर्ड के दोनों शिक्षाविद मनोवैज्ञानिक दवाओं को मानसिक शक्ति बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए साथ काम कर रहे थे। हालांकि, भारत भ्रमण के बाद बाबा रामदास की प्रेरणा बदली और उन्होंने आध्यात्मिक मार्ग पर चलना शुरू कर दिया। अपनी किताब बी हेयर नाउ में उन्होंने इसका विस्तार से उल्लेख किया है। रविवार को 88 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। बाबा रामदास को भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी देशों में प्रचारित करने के लिए जाना जाता है। अमेरिका के एक यहूदी परिवार में जन्म लेनेवाले रिचर्ड अल्पर्ट बाद में बाबा रामदास बन गए। अपने आरंभिक जीवन में वह खुद को नास्तिक मानते थे। स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने के बाद वह 60 के शुरुआती दशक में मनोविज्ञान के प्रफेसर बन गए।

### इंडोनेशिया में खाई में गिरी बस, 26 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकॉक। इंडोनेशिया के दक्षिण सुमात्रा में एक यात्री बस के खड्ड में गिर जाने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बस मध्य रात्रि से पहले एक गार्ड रेल से टकराई, जिससे वह 150 मीटर नीचे खड्ड में गिर गई। बस सोमवार को बेंगकुलु से पालेमबंग जा रही थी। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक,पागरालम पुलिस विभाग की डॉली गुमारा ने मंगलवार को कहा कि इस दुर्घटना में अन्य 13 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कुछ पीड़ितों की अभी भी पहचान की जा रही है। घायलों को बेसमाह पागर आलम अस्पताल ले जाया गया। गुमारा ने कहा, श्हम अभी भी पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं, जो ढलान पर और नदी के पास हो सकते हैं।श उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। गुमारा ने कहा, दुर्घटना के कारणों की जांच की जानी है और दक्षिण सुमात्रा के ट्रैफिक के प्रमुख अपने दल के साथ यहां आ रहे हैं। एक कारण दुर्गम क्षेत्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि घुमावदार सड़क दूसरी संभावना हो सकती है।

### इस्लामिक स्टेट संगठन के नए नेता का ऐलान, नाम पर संशय बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। अबू बकर अल–बगदादी के अक्टूबर में अमेरिकी विशेष बलों के हमले में मारे जाने के कुछ ही दिन बाद इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन ने अपने नए नेता के नाम का ऐलान कर दिया है। अब अबू इब्राहिम अल–हाशमी अल–कुरैशी की सही पहचान पर रहस्य बरकरार है। जिहादी संगठनों के मामले में इराकी विशेषज्ञ हिशाम–अल–हाशेमी ने कहा, 'हम उसके बारे में इससे ज्यादा कुछ नहीं जानते कि वह आईएस का शीर्ष जज है और शरिया कमेटी की अगुवाई करता है।' इस बात को लेकर भी संदेह है कि जिस आदमी को 'खलीफा' घोषित किया गया है, वह असल में है भी या नहीं। कुछ लोगों का मानना है कि संगठन ने अपनी प्राथमिकताएं दर्शाने के लिए यह ऐलान किया है।

# पाक सरकार ने मरियम नवाज को नहीं दी विदेश यात्रा की इजाजत

**मांग**

## संघीय कैबिनेट की उपसमिति ने मरियम का आवेदन खारिज कर दिया

बीमार पिता की देखभाल के लिए लंदन जाने को लेकर यह सुविधा मांग रही थीं



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने पीएमएल–एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज को विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। सरकार ने कहा है कि आर्थिक अपराध और संस्थागत फर्जीवाड़े में शामिल किसी भी व्यक्ति को देश छोड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सोमवार को मीडिया में आई एक खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम (46 साल) का नाम कथित भ्रष्टाचार के एक मामले के बाद अगस्त 2018 में 'नो फ्लाई लिस्ट' (ऐसे व्यक्तियों की सूची जिनकी व्यावसायिक विमानों में उड़ान निषिद्ध हो में डाल दिया गया था।

पाकिस्तान के एक अखबार ने न कानूनी मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार एवं वरिष्ठ वकील बाबर अवान के हवाले से कहा, एक्जिट कंट्रोल लिस्ट में लोगों के नाम शामिल करने संबंधी नियम के चलते सरकार नो फ्लाइ लिस्ट से नाम हटाने के उनके आवेदन पर विचार नहीं कर सकती। कानून मंत्री फारोग नसीम की अध्यक्षता में एक्जिट कंट्रोल लिस्ट के मामलों को देखने वाली संघीय कैबिनेट की उपसमिति ने मरियम का आवेदन खारिज कर दिया। अवान ने बताया कि वह अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए लंदन जाने को लेकर यह सुविधा मांग रही थीं।

भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए सात साल जेल की सजा में जमानत मिलने के एक महीने बाद पीएमएल–एन के सुप्रीमो शरीफ 19 नवंबर को एक एयर ऐंबुलेंस से इलाज कराने के लिए लंदन गए थे। ईसीएल नियमों का हवाला देते हुए अवान ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास पाकिस्तान से बाहर जाने के लिए वैध यात्रा दस्तावेज हैं तो भी सरकार भ्रष्टाचार और सरकारी निधि को नुकसान पहुंचाने में शामिल व्यक्ति को देश से बाहर जाने से रोक सकती है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध और संस्थागत फर्जीवाड़े में शामिल किसी भी व्यक्ति को देश छोड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती, इसलिए मरियम को देश से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। बहरहाल, पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल–एन) ने एक बयान में कहा था कि मरियम की विदेश यात्रा पर सरकार के रोक लगाने के फैसले से किसी को भी आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि सत्तारूढ़ सरकार पीएमएल–एन नेतृत्व को प्रताड़ित करने का मौका हमेशा खोजती रहती है।

## सोमालिया में अल–शबाब के 8 आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मोगादिशू। सोमालियाई सेना ने सोमालिया के दक्षिणी क्षेत्र बे में भीषण मुठभेड़ में अल–शबाब के आठ आतंकवादियों को मार गिराया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गूफ–गड्ड बुरे के गवर्नर हसन मायो इसाक के पत्रकारों को दिए बयान के हवाले से कहा, 'आतंकवादियों ने सोमवार को गूफ–गड्ड बुरे में एक सैन्य अड्डे पर हमला कर दिया।'

इसाक ने मीडिया को दी जानकारी में कहा, 'अल–शबाब के आतंकवादियों ने अड्डे पर कब्जा करने की कोशिश की लेकिन वे हार गए। हमारी सेना ने मुठभेड़ में उनके आठ लोगों को मार गिराया और हम अब बचे हुए लोगों का पीछा कर रहे हैं। नगर पर हमारे सैनिकों का पूरा नियंत्रण है और आतंकवादियों को खदेड़ दिया गया।'

हालिया घटना आतंकवादियों द्वारा सोमालिया में मुदुग के मध्य में स्थित गालकायो नगर में एक कार बम धमाका करने के अगले दिन ही हो गई। बम धमाके में पांच लोगों की मौत हो गई थी और छह लोग घायल हो गए थे। सोमालियाई सेना और अफ्रीकी यूनियन की सेना द्वारा अगस्त 2011 में अल–शबाब को राजधानी मोगादिशू से भगाने के बाद सोमालिया के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में सरकारी सेना और अल–शबाब के आतंकवादियों के बीच कई मुठभेड़ें हुई हैं।



## अफगान सेना के ऑपरेशन में 100 आतंकी ढेर, 45 घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ पिछले 24 घंटे में बड़ा ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादियों को मारे जाने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा 45 आतंकवादियों के घायल होने की खबर है। सुरक्षा बलों ने 15 राज्यों में 18 ऑपरेशनों को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में 5 आतंकियों को हिरासत में भी लिया गया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, पिछले 24 घंटों से अफगानिस्तान के 15 प्रांत मे चलाए जा रहे 18 ऑपरेशन में हमनें 109 आतंकवादियों को मार गिराया है।

## ट्रंप के फोन के डेढ़ घंटे बाद यूक्रेन को अमेरिकी मदद पर रोक लगाई गई

**ट्रंप ने जेलेन्स्की को कथित विवादित फोन कॉल किया था**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में बजट का काम देखने वाले एक अधिकारी ने पेंटागन को यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकने के लिए कहा था। इस अधिकारी के यह आदेश देने से करीब 90 मिनट पहले राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और यूक्रेन के उनके समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच फोन पर कथित विवादित बातचीत हुई थी। यह खुलासा सामने आए एक इमेल में हुआ है। यह इमेल सेंटर फॉर पब्लिक इंटिग्रिटी की ओर से प्रकाशित कई इमेल का हिस्सा है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी जो बिडेन की जांच करवाने का कीव (यूक्रेन) पर दबाव बनाने के लिए उसे दी जाने वाली 40 करोड़ डॉलर की सहायता रोक ली थी।

पेंटागन के अधिकारियों को भेजे इमेल में ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट ऐंड बजट के अधिकारी माइकल डफी ने इस सहायता को रोकने के लिए कहा था। यह इमेल सुबह 11 बजकर चार मिनट पर भेजा गया था। इसके ठीक डेढ़ घंटे पहले, 25 जुलाई को ट्रंप ने जेलेन्स्की को कथित विवादित फोन कॉल किया था। इसमें डफी ने कहा था 'अनुरोध की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए मैं चाहता हूं कि इस जानकारी को गोपनीय रखा जाए।'

हालांकि दो दिसंबर को रिपब्लिकन सदस्यों ने इस कदम का यह कहते हुए बचाव किया था कि विदेशी सहायता में विलंब होना कोई नई बात नहीं है। रिपब्लिकन सीनेटर रॉन जॉनसन ने कहा कि सामने आए नए इमेल से इस विषय में कोई नई जानकारी सामने नहीं आती है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति का विचार यह था कि अमेरिका के करदाताओं का मेहनत से कमाया धन ऐसे देश को दिया जाना चाहिए या नहीं जहां भ्रष्टाचार के साबित हो चुके मामले हैं।' सीनेट के डेमोक्रैट सदस्य चक शूमर ने रविवार को एक ट्वीट में इन इमेल को विस्फोटक बताया।

### ब्रिटेन और शाही परिवार के लिए यह वर्ष मुश्किलों भरा रहाः महारानी एलिजाबेथ द्वितीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय क्रिसमस के पर्व पर देश को संबोधित करेंगी जिसमें वह स्वीकार करेंगी कि ब्रिटेन और उनके परिवार के लिए यह वर्ष मुश्किलों भरा रहा है। पहले से रिकॉर्ड किया गया उनका संदेश क्रिसमस के दिन ब्रिटेन और राष्ट्रमंडल देशों में प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश महारानी के पति प्रिंस फिलिप के एहतियाती तौर पर लंदन के अस्पताल में भर्ती होने से पहले रिकॉर्ड किया गया था। बकिंघम पैलेस ने इस संदेश के कुछ अंश जारी किए हैं। इसमें महारानी यह स्वीकार करती हैं कि यह वर्ष उथल पुथल भरा रहा है। माना जा रहा है कि उन्होंने यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के अलग होने की राह के बारे में और शाही परिवार के सामने आई समस्याओं के संदर्भ में यह कहा है। प्रिंस एंड्रयू द्वारा एक टीवी साक्षात्कार में यौन उत्पीड़न के दोषी जेफरी एपस्टेन के साथ दोस्ती स्वीकार करने, प्रिंस विलियम और प्रिंस हैरी के बीच हुए मतभेद के सार्वजनिक होने तथा 98 वर्षीय फिलिप की सेहत संबंधी चिंता लगातार बने रहने जैसी घटनाओं के कारण शाही परिवार के लिए यह वर्ष मुश्किलों से भरा रहा है।